July – 2021 (Apr-Jun)
Vol. SHQ-BSGUP -001

# BHARAT SCOUTS & GUIDES

## UTTAR PRADESH

# "तेजल"

त्रैमासिक पत्रिका

**"The real way to gain happiness is to give it to others."**

- Lord Robert Baden-Powell






State Council Meeting 2021, Venue SIEMAT Prayagraj, Uttar Pradesh

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow

www.bsgup.org

# Glimpses of Various Activities



July - 2021
Vol. SHQ-BSGUP -001

## संपादक मण्डल

### ❑ संरक्षक

**डॉ० महेन्द्र सिंह**
माननीय मंत्री, जल शक्ति
एवं अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### ❑ मुख्य सम्पादक

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### ❑ सलाहकार

**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### ❑ सम्पादक

**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### ❑ सह – सम्पादक

**कुसुम मनराल**
संयुक्त प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### ❑ डिज़ाइन एवं तकनीक

**अदनान हाशमी**
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**छवि चतुर्वेदी** – कार्यालय सहायक

"A week of camp life is worth six months of theoretical teaching in the meeting room."

\- Lord Robert Baden-Powell



## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 4
❖ स्काउटिंग के जनक की विजय गाथा - 5
❖ प्रादेशिक उपलब्धियां - 6
❖ लेख एवं कहानियां - 8
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज - 11
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत - 12
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 13
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 18
❖ विज्ञापन - 29
❖ प्रादेशिक एवं जनपद संपर्क सूत्र - 32



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**



यह बडे गौरव की बात है कि भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र० द्वारा त्रैमासिक पत्रिका **"तेजल"** प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है जिसका यह "अप्रैल-जून, 2021" त्रैमास का प्रथम अंक है। तेजल का अर्थ उज्जवल-ऊर्जावान, प्रतिभाशाली तथा शानदार होता है जो स्काउट एंव गाइड के गुणों को पूरी तरह प्रदर्शित करता है। जैसा कि आप जानते हैं कि लार्ड बेडेन पावेल का मानना था कि विश्व के सभी नागरिकों को मानवता और राष्ट्रसेवा के लिए निरन्तर तत्पर और गतिशील रहना चाहिए। इस मार्ग पर चलने के लिए स्काउट और गाइड युवा वर्ग के अंदर दृढ. निश्चय, अनुशासन, कठिन परिश्रम, तथा राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। कठिन से कठिन परिस्थितियों में स्वंय को संतुलित रखना, अपने समाज के प्रति सहृदयता का भाव जागृत करना, पर्यावरण और प्रकृति के प्रति सचेत रहना तथा मित्रवत् व्यवहार करना आदि उत्कृष्ट मानव गुण छात्र जीवन में स्काउटिंग ट्रेनिंग के दौरान युवाओं में स्वतः ही भर जाते हैं। इसके अतिरिक्त स्वावलंबन, मितव्ययता और सेवा का भाव उनके जीवन का हिस्सा बन जाता है। स्काउटिंग एक विधा ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की शैली है। प्रत्येक युवा को अपनी मूल शिक्षा के साथ स्काउटिंग-गाइडिंग का भी प्रशिक्षण लेना चाहिए क्योंकि सुनागरिकता के लिए सर्वमान्य उपागम के रूप में अंगीकृत स्काउटिंग-गाइडिंग के कार्यक्रमों को अपनाकर युवा वर्ग स्वंय को स्थापित कर सकता है। स्काउटिंग हमारे जीवन में नित्यप्रति उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करती है।

आप सभी को इस चरित्र-निर्माण के इस महाभियान में जोड़ने तथा और अधिक सशक्त करने के लिए "तेजल" पत्रिका प्रकाशित की जा रही है। इस पत्रिका के माध्यम से आप अपने विचारों और गतिविधियों से न केवल जुड़ सकते हैं वरन् अपने विचारो की अभिव्यक्ति भी कर सकते हैं।।

"तेजल" का प्रवेशांक इस विश्वास के साथ आप सभी को समर्पित है कि प्रदेश के कोने-कोने में स्काउट की गतिविधियों को गति मिल सके और हम एंव आप सभी एकजुट होकर भारत के विकास के साक्षी हो सके। इस पत्रिका को बेहतर बनाने हेतु आपके सुझावों का सदैव स्वागत है।

शुभकामनाओं सहित,

(डॉ० प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

# स्काउटिंग के जनक की विजय गाथा



## Founder of Scouting

### Robert Stephenson Smyth Powell

**Birth name** :Robert Stephenson Smyth Powell
**Born :** 22 February 1857 Paddington , London, England
**Died :** 8 January 1941 (aged 83) Nyeri , British Kenya
**Allegiance :** United Kingdom
**Service/branch :** British Army
**Years of service :** 1876–1910
**Rank :** Lieutenant-General
**Commands held :** Chief of Staff, Second Matabele War (1896–97)5th Dragoon Guards (1897)Inspector General of Cavalry (1903)
**Battles/wars :** Anglo-Ashanti Wars Second Matabele War Siegeof Mafeking Second Boer War
**Awards :**

- Ashanti Star (1895)
- Matabele Campaign, British South Africa Company Medal (1896)
- King's South Africa Medal ( 1902)
- The Boy Scouts Association Silver Wolf
- Boy Scouts of America Silver Buffalo Award (1926)
- Boy Scouts International Committee Bronze Wolf (1935)
- Grand Cross of the Order of Dannebrog, Denmark (1921)
- Goldene Gemse (1931)
- Knight Grand Cross of the Order of Orange-Nassau (1932)
- Member of the Order of Merit (1937)
- Wateler Peace Prize (1937)
- Knight Grand Cross of the Order of St Michael and St George
- Knight Grand Cross of the Royal Victorian Order
- Knight Commander of the Order of the Bath

**Spouse(s) :** Olave St Clair Soames
**Children :** Arthur Robert Peter Baden-Powell , Heather Grace Baden-Powell, Betty St Clair Baden-Powell
**Other work :** Founder of the international Scouting Movement; writer; artist








## प्रादेशिक उपलब्धियां

भारत स्काउट और गाइड,राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 29 नवम्बर 2020 को राष्ट्रीय परिषद की बैठक वर्चुअल स्वरूप में आयोजित की गई जिसमे भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश से ललिता प्रदीप, प्रादेशिक आयुक्त (गाइड) ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधत्व किया |

भारत स्काउट और गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा प्रतिवर्ष सम्बद्ध प्रादेशिक संस्थाओ के सदस्यों की जनगणना के आधार पर पुरस्कार वितरित किये जाते है जिसमे भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश को मेम्बरशिप ग्रोथ प्रतिशत के आधार पर कब वर्ग में प्रथम पुरस्कार, स्काउट वर्ग में प्रथम पुरस्कार, बुलबुल वर्ग में प्रथम पुरस्कार, गाइड वर्ग में प्रथम पुरस्कार, मेम्बरशिप ग्रोथ सदस्यों की संख्या के आधार पर कब वर्ग में द्वितीय पुरस्कार, स्काउट वर्ग में द्वितीय पुरस्कार, बुलबुल वर्ग में प्रथम पुरस्कार, गाइड वर्ग में प्रथम पुरस्कार एवं प्रादेशिक संस्थाओ के सामूहिक पुरस्कारों में प्रतिशत में प्रथम एवं संख्या में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ | इस अवसर पर संस्था के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार, जी ने संस्था के समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों को बधाई दी |







### भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र० द्वारा कोविड -19 में किये गये कार्यो हेतु राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा Recognition



# प्रादेशिक उपलब्धियां

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के रिज़ल्ट, नोटिस, और विज्ञापन को भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश की वेबसाइट www.bsgup.org पर भी देख सकते है |








## लेख एवं कहानियाँ

आनन्द सिंह रावत
प्रादेशिक सचिव

### लॉक डाउन

एक गीत बचपन से सुनता आया हूँ, “वक्त से दिन और रात..वक्त से कल और आज... वक्त की हर शह गुलाम...... वक्त का हर शह पे राज” इस गीत को साकार होते देखा। यूँ तो बहुत सी प्राकृतिक आपदाएं इस जीवन में देखी और लोगो के मन में उनका भय भी महसूस किया है। अपने कई मित्रो और संबंधियों को भी बीमारी से मरते देखा है परन्तु यह दृश्य अनोखा था। चारो ओर मौत का सन्नाटा । हर दिल में खौफ और जुबां पे उस ईश्वर का नाम देखा। ईश्वर का नाम लेने वाले भी कई तरह के लोग देखे। कोई सबकी कुशलता और सुरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहा था तो कोई तो ईश्वर को ही उसके कर्तव्य याद करा रहे थे।

एक गांव में एक बार बाढ की स्थिति उत्पन्न हुई। एलान कराया गया कि बाढ़ आने वाली है इसलिए गांव को खाली किया जाए। सभी गांव वाले गांव खाली करके ऊँची जगह चले गए परन्तु एक पुजारी नहीं गया। सभी ने उसे बहुत समझाया पर वो नहीं माना। अंत में सरपंच ने उससे विनम्र निवेदन किया कि आप चलों नही तो आपकी जान को खतरा हो सकता है परन्तु वो फिर भी नहीं माना और मुस्करा कर बोला- मुझे अपने प्रभु पर सम्पूर्ण विश्वास है वो मेरी रक्षा करेंगे।

बाढ का पानी बढने लगा तो पुजारी मकान की छत पर चढ गया। तब कुछ लोग नाव लेकर बचाने के लिए आएं परन्तु पुजारी ने यह कहकर उन्हें भी वापस भेज दिया कि मुझे मेरे ईश्वर पर भरोसा है। बाढ़ का पानी और बढा, पानी छत के ऊपर तक आ गया तब मिलेट्री वाले उसे हैलिकाप्टर से लेने आए परन्तु पुजारी ने वही बात दोहराई और उनके साथ जाने से भी मना कर दिया। अंततः बाढ का पानी और बढा और पुजारी को बहाकर ले गया, पुजारी मर गया। मरने के बाद पुजारी ईश्वर के पास गया तब उसने ईश्वर से अपनी नाराजगी जताई कि आपने मेरे भरोसे को तोड़ दिया है प्रभु मुझे पूरा यकीन थाकि आप मुझे अवश्य बचाने आयेंगे परन्तु आप आये नहीं।

प्रभु मुस्कराकर बोले, मै कई बार आया तुम्हारे पास | पहले गाँव वालों के माध्यम से मैने अपनी बात तुम तक पहुंचाई, फिर सरपंच और फिर नाव भेजी अंत में हैलीकाप्टर भी भेजा परन्तु तुम अपनी अज्ञानता की जिद में अड़े रहें। ऐसे में मै भला क्या करता। ऐसे लोगो को मंदबुद्धि कहूँ, या नादान या फिर नासमझ, जिन्होंने इस बीमारी को और बढ़ा दिया। अपनी सुरक्षा के लिए सावधान रहना हमारा कर्तव्य है। ईश्वर साथ है इसमें कोई दोमत नही है परन्तु वहीं ईश्वर आपको अपनी सुरक्षा के लिए सतर्क रहने को भी कहता है। सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करना भी ईश्वर की आराधना करना है | जहाँ विज्ञान इस समस्या का समाधान खोजने में लगा है, ऐसे में अपनी, अपनो की तथा समाज की सुरक्षा करना हमारा दायित्व बनता है।

सबको हिलाकर रख दिया इस बीमारी ने। लोगो की अनेक प्रकार की प्रतिक्रियाएं देखने को मिली। जिन्हें हमेशा शिकायत रहती थी कि कब काम काज से छुट्टी मिले तो कुछ समय परिवार के साथ बिताएं। आज जब उन्हें यह अवसर मिला तो वे परेशान है कि सारा दिन घर में बैठे-बैठे थक गए है वोर हो गए है पूरा दिन घर पर बिताना बहुत ही मुश्किल काम है...... आदि। जो कहते थे मरने तक की फुर्सत नहीं है आज मरने के डर से फुर्सत में बैठे है।

अचानक से आई इस विपदा से बहुत सारे लोग घबरा गए है एंव आने वाले कल के लिए फिक्रमंद है। न जाने कल क्या होगा, अगर ऐसा हुआ तो क्या होगा, अगर वैसा हुआ तो क्या होगा ?

समय परिवर्तनशील है। ऐसा वैसा जैसा भी होगा, अच्छा ही होगा। कल संकट नही था | आज है और कल को फिर से सब कुछ ठीक हो जाएगा । बुरा दौर आता है, चला जाता है। किसी शायर ने ठीक ही कहा है कि -

“ कुछ सिखाकर, यह दौर भी गुजर जायेगा ।
एक बार फिर, हर इंसान मुस्कुरायेगा |
मायूस न होना मेरे दोस्तो इस बुरे वक्त से,
कल आज है और आज, कल हो जाएगा”



# लेख एवं कहानियाँ

## Once a Scout, Always a Scout

कुसुम मनराल - संयुक्त प्रादेशिक सचिव

स्काउटिंग जीवन की अविरल धाराओं के मध्य बहती एक ऐसी नौका है, जिसमें बैठकर प्रत्येक स्काउट,गाइड अपने को मनोवैज्ञानिक वातारण में पाकर आनन्द विभोर होकर तैरता रहता है। उसका अचेतन मन स्काउटिंग को स्वीकार कर लेता है क्योंकि स्काउटिंग से उसकी जिज्ञासाओं का मन जंगलों में घूमने का, पहाड़ो पर चढ़ने का, नदियों में तैरने का, हवा में उड़ने का, पशुपक्षियों को स्नेह करने का व दुलारने का, प्रकृति से प्रेम करने का, जरूरत मंद लोगों की सहायता करने का, नव निर्माण करने का होता है। स्काउटिंग/गाइडिंग इन सभी के लिये एक अवसर प्रदान करती है। स्काउटिंग प्यार व स्नेह का एक ऐसा अटूट बन्धन है जो इसके बन्धन में एक बार बंध जाता है फिर वह बाहर नहीं निकल पाता तभी तो लार्ड बेडेन पावेल जिन्होने 1907 मे स्काउट आंदोलन की आधार शिला रखी थी ने कहा था कि **Once a Scout, Always a Scout** स्काउटिंग के ये तत्व स्काउटिंग को हमारे जीवन से जोड़ते हैं। इसके नियम सिद्धांत तथा प्रतिज्ञा प्रत्येक स्काउट/गाइड को तन मन से सदैव के लिये बांध देते हैं। स्काउटिंग की विधियां प्रत्येक ऋतु, मौसम और कठिनाई के क्षण में उसके अपने जीने की कलायें बन जाती हैं, उसी मे उसे परमसुख मिलता है। विनम्रता का जामा पहने, साहस, वफादारी व विश्वसनीयता का रूप लेकर अनुशासन, प्रकृति के साथ तन्मय होते हुए देश, सम्प्रदाय आदि के बन्धनों को नकारता हुआ अपने जीवन में मितव्ययता की पूंजी लेकर मनसा-वाचा-कर्मणा की शुद्धता का प्रयास करके तन, मन व हृदय में एक ज्योति प्रज्जवलित कर देता है, जिससे वह व्यक्ति नही रह जाता, स्काउट बन जाता है।

स्काउटिंग/गाइडिंग, बालक/बालिकाओं को हँसने, बोलने, खेलने, अध्ययन, साहस भरे कार्य करने की ओर प्रेरित करती है । गुड – टर्न की भावना हमें अच्छे कार्य करने की ओर प्रेरित करती है। स्काउटिंग/गाइडिंग व्यक्ति को समय से प्रबंधन में निपुण बनाती है। एक सहृदय, सुनागरिक बनाती है। सच्चाई तो यह है कि स्काउटिंग/गाइडिंग व्यक्ति को चरित्रवान, संस्कार युक्त, वास्तविक मानव बनाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहती है। आइए, ऐसी विधा से युक्त स्काउटिंग/गाइडिंग को हम सभी आत्मसात करें और अपने जीवन के उद्देश्यों को पूरा करें।

---



## समाज में स्काउट/गाइड का योगदान

राजेन्द्र सिंह हंसपाल - प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट)

स्काउट/गाइड संस्था एक विश्व व्यापी समाज सेवी एवं स्वयं सेवी स्वैच्छिक संस्था है। जिसे हमारे देश में भारत स्काउट और गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के अधीन भारत के समस्त राज्यों में संचालित है। उ० प्र० में भारत स्काउट और गाइड के नाम से संचालित है। संस्था का उद्देश्य बालक/बालिकाओं में शारीरिक, मानसिक, समाजिक,बौद्धिक तथा आध्यात्मिक विकास में योगदान प्रदान करना है। ताकि वे समाज में अपनी रचनात्मक भूमिका निभा सके तथा परिवार, समाज व राष्ट्र के लिए समर्पित, संस्कार युक्त एवं आदर्श नागरिक बन सके।

स्काउट/गाइड आदोंलन को जन-जन तक पहुचाने के लिए भारत स्काउट/गाइड,उ०प्र० संस्था कृत संकल्प है। संस्था द्वारा बाल्यावस्था से ही अध्ययनरत् बालक/बालिकाओं को बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में स्काउट/गाइड दलों तथा विश्व विद्यालय स्तर पर रोवर/रेंजर यूनिट का गठन करके उनका पंजीकरण, नवीनीकरण करते हुए उन्हे विभिन्न प्रकार के प्रगतिशील प्रशिक्षण दिये जाते है। 03-05 वर्ष बनी प्रसन्न रहो, 05-10 वर्ष तक कब बुलबुल कोशिश करो, 10-17 वर्ष स्काउट/गाइड तैयार रहो, 15-25 वर्ष रोवर/रेंजर सेवा करो के सिद्धान्त को अपनाकर बाल्यावस्था से किशोरावस्था के नवयुवक/युवतियों में सर्वोच्च गुणों के समावेश के लिए संस्था अनवरत प्रयासरत है।



विद्यालय/विश्वविद्यालय से इतर यदि कोई स्काउट/गाइड आदोंलन से जोड़कर समाज की सेवा करना चाहते है उन्हे स्वंतत्र दलों के रूप में पंजीकरण नवीनीकरण करते हुए संस्था द्वारा सम्बद्ध करते हुए सहयोग प्रदान किया जाता है। यह हमारा सौभाग्य है कि हम ऐसी समाज संस्था से जुड़े है, जिसके मुख्य संरक्षक महामहिम राज्यपाल जी उ०प्र० है। उपमुख्य संरक्षक मा० मुख्यमंत्री उ०प्र० है। संस्था के प्रादेशिक अध्यक्ष मा० डॉ० महेन्द्र सिंह जी, मन्त्री जल शक्ति, उ०प्र० शासन एवं आदरणीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार,आई०ए०एस०(से०नि०) एवं पूर्व अध्यक्ष लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 के दिशा  निर्देशन में संस्था उत्तोंतर पल्लिवित एवं पुष्पित हो रही है।

---



## स्काउंटिंग गाइडिंग है, संक्षेप में श्रेष्ठ जीवन जीने की कला है

देवकी शोभित - प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड)

श्रेष्ठ जीवन का आशय अपने नैतिक मूल्यों के प्रति सजग रहना,समाज और देश के लिए कुछ बेहतर करे । इस भावना को जाग्रत करना,इसका विस्तार करना। जीवन नित्य नए अनुभवों के साथ जीने का नाम है। जीवन मे विभिताएँ जीवन को कुछ न कुछ सिखाती रहती है। ऐसे ही स्काउंटिंग गाइडिंग नियमित परीक्षणों से प्रशिक्षित  टीम के साथ जीवन को हर विपरीत स्थिति में जीने को तैयार रहती है। चाहे गर्मी में यात्रियों को पानी पिलाना हो या मतदान के लिए जनता को जागरूक करने का कार्य चाहे घायल व्यक्ति को प्राथमिक सहायता देने की बात हो।टीम अपने प्रदेश के मुखिया और अन्य पदाधिकारियों एवं साथियों के साथ जीवन को सार्थक बनाने की दिशा में सक्रिय रहती है। ऐसे ही विदेश से देश तक महामारी के रूप में कोरोना ने जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। न जाने कितने लोग जीवन से हाथ धो बैठे,न जाने घर बेघर हो गए। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश की सरकार ने बेहतर चिकित्सीय सुविधाओ के साथ जरूरत मन्दो को खान पान की व्यवस्था और अनाथ हुए बच्चो के लालन पालन का भी जिम्मा उठाने का प्रयास किया है। स्कॉउटिंग गाइडिंग संस्था ने भी इस महामारी में भरसक लोगो की मदद करने का कार्य किया। दुख भी है कि कई प्रशिक्षित साथी भी इस महामारी में अपना जीवन खो दिए। हम पूरी तरह से इस भावना से कार्य करते है कि यही ईश्वर की सेवा है। अरण्यकांड में राम खुद गीधराज से कहते है।

“परहित बस जिन्ह के मन माहीं
तिन्ह कहुँ जग दुर्लभ कछु नाहीं”

जिनके मन मे दूसरे का हित बसता है उनके लिए जगत में कुछ भी दुर्लभ नही है। सभी धर्मों में सेवा ही खुदा की इबादत है।। हम सब यथा सम्भव सेवा के लिए सदैव साथियों के साथ  अधिकारियों के मार्ग दर्शन में सदैव तैयार रहेंगे यही हमारी जिम्मेदारी है।



## एक झलक ...

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

**प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्रों के इतिहास के क्रम में प्रयागराज स्थित प्रशिक्षण केन्द्र का इतिहास निम्नानुसार हैः-**

- ❖ स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व हिन्दुस्तान स्काउट एसोसिएशन का राष्ट्रीय मुख्यालय,बलरामपुर हाउस, ममफोडगंज इलाहाबाद में स्थापित था।
- ❖ स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वर्तमान प्रशिक्षण केन्द्र,17 कटरा रोड ममफोर्डगंज की स्थापना भारत स्काउट और गाइड,उ०प्र० के तत्कालीन प्रादेशिक मुख्यायुक्त श्री विश्वनाथ लाहिड़ी, आई०पी०एस०(तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक,उ०प्र०) के प्रयास से कैण्टोमेंट बोर्ड से लीज पर भूमि प्राप्त करके की गयी।
- ❖ 11 फरवरी,1956 को इस भूमि पर श्री राम बाजपेयी भवन का शिलान्यास प्रथम नेशनल कमिश्नर,भारत स्काउट और गाइड पं० हृदयनाथ कुंजर द्वारा किया गया।
- ❖ इसी क्रम में 16 अगस्त,1977 को भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 के कार्यालयी भवन का उद्घाटन तत्कालीन रक्षा मंत्री भारत सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, श्री जगजीवन राम द्वारा किया गया।
- ❖ 17,कटरा रोड ममफोडगंज, प्रयागराज स्थित इन भवनों में प्रादेशिक संस्था का प्रादेशिक केन्द्र संचालित रहा।
- ❖ वर्श 1979 में संगठनात्मक आवश्यकता के आधार पर प्रधान केन्द्र का कार्यालय, गोल मार्केट महानगर,लखनऊ में स्थानान्तरित हो गया।
- ❖ तदन्तर प्रयागराज स्थित दोनो भवन प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में संचालित होने लगे।
- ❖ इन दोनो भवनों का पूर्णरूपेण जीर्णोद्धार करते हुए वर्तमान में एक सुसज्जित प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- ❖ प्रशिक्षण केन्द्र के श्री राम बाजपेयी भवन में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत तीन वर्षीय एक योजना संचालित की जानी है, जिसमें 540 ग्रामीण युवाओं को रोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा।






## एक झलक ...

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत



<u>प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा) में निर्माण कार्य प्रगति पर :-</u>

- कुल क्षेत्रफल -- 43,561 sqf.
- कुल लागत -- 6,21,11,125.00

















## प्रादेशिक कार्यक्रम

### वर्कशॉप ऑन योगा इंस्ट्रक्टर कोर्स ऑफ कम्युनिटी लीडर

05 जून 2021उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के प्रादेशिक मुख्यालय की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर योगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुरू किया गया। सात दिवसीय शिविर में प्रशिक्षित योग गुरु और उनके सहयोगी विभिन्न जनपदों के प्रतिभागियों को योग की बारीकियों से रूबरू कराया । प्रथम चरण के योगा शिविर के शुभारंभ अवसर पर प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी ने कहा योगा किसी भी बीमारी से बचने का सबसे बड़ा योगदान है। योगा हमारे शरीर में सामंजस्य बिठाने का काम भी करता है। उन्होंने बताया कि मनोवैज्ञानिक बीमारियां शारीरिक बीमारी में परिवर्तित हो जाती है। मस्तिष्क के विकार की वजह से वह शरीर में आने लगती है। योगा, इन सब से बचने का बहुत बड़ा साधन है। जिसके सहारे हम न केवल स्वस्थ रह सकते हैं बल्कि लंबा जीवन भी जी सकते हैं। स्टेट कमिश्नर गाइड ललिता प्रदीप ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि योग को सभी अपनी-अपनी दृष्टि से देखते हैं। वास्तव में योग एक जीवन शैली है। जिसका उपयोग व स्वयं अपने जीवन में कभी न कभी करते आ रहे है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंस के निर्देशक प्रोफेसर (डॉ) जी एस शुक्ला ने नो योर बॉडी विषय पर विधिवत प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीनियर योगा कंसलटेंट,यू पी राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय डॉ अमित कुमार सिंह जी ने योग क्या है और क्यों और कैसे किया जाना चाहिए इस समसामयिक विषय पर प्रकाश डाला। भारत स्काउट और गाइड के सीनियर योगा ट्रेनर डॉ बी इस्लाम ने भी सत्र को संबोधित किया। और कहा कि बहुत सोच समझकर योगा की शुरुआत की गई। वर्ष 2008 में स्काउट गाइड का पहला योगा शिविर पंचमढी में आयोजित किया गया था। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड को भी बधाई दी और कहा कि यह योगा शिविर प्रदेश को उच्चतम शिखर पर ले जाएगा | योगा सत्र के दौरान डॉ. इस्लाम से प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कोर्स का संचालन श्रीमती वंदना तिवारी सहायक प्रादेशिक कमिश्नर(गाइड) ने किया। अंत में सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर आईटी श्री अदनान हाशमी ने सभी को आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सत्र की जानकारी दी। इस दौरान प्रमुख रुप से प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री राजेंद्र सिंह हंसपाल, प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री अरविंद श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती देवकी शोभित ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। योग शिविर में 150 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण कराया | सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शिविर का आयोजन दो चरण में किया गया था | 5 जून से शुरू हुए शिविर में 80 प्रतिभागी ने प्रतिभाग किया ।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर वर्चुअल बैठक का आयोजन

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० द्वारा वर्चुअल बैठक का आयोजन दिनांक 05 जून, 2021 को पूर्वाह्न 11:00 से 01:00 बजे तक किया गया । प्रादेशिक मुख्यायुक्त डा0 प्रभात कुमार जी की अध्यक्षता में यह बैठक सम्पन्न हुई। प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय द्वारा इस अवसर पर जनपद स्तर पर पर्यावरण प्रहरी टास्क फोर्स बनाये जाने का आहवाहन किया गया, जिसका उद्देश्य जनपद स्तर पर समय - समय पर पर्यावरण जन जागरूकता करना होगा। जिससे प्रकृति को बचाया जा सके। गेस्ट स्पीकर के रूप में श्री रमाकान्त त्यागी संस्थापक नीर फाउण्डेशन जनपद मेरठ एवं डा० रिचा रस्तोगी नेचुरोपैथिस्ठ, पुणे ने पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त इस अवसर पर उपस्थित रहे। संयुक्त प्रादेशिक सचिव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्का०) एवं प्रादेशिक आयुक्त स्काउट श्री राजेश मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट श्री राजेन्द्र सिंह हंसपाल द्वारा किया गया। आभार प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया।






## प्रादेशिक रोवर – रेंजर समागम



भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० संस्था के नेतृत्व में प्रादेशिक रोवर – रेंजर समागम दिनांक 04 से 06 अप्रैल, 2021 की अवधि में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संयोजक प्राचार्य डा० बाबू लाल तिवारी प्रबन्धक श्री शम्भूराय द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, डा० भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के रोवर्स- रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में मार्च - पास्ट, कलर पार्टी, यूनीफार्म, निबन्ध, पोस्टर, नाट्य, इकोरेस्टोरेशन, प्राथमिक चिकित्सा, रोल प्ले, क्विज, झांकी, किम्स गेम, सैण्ड स्टोरी, लोक नृत्य, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, तम्बू निर्माण एवं प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उक्त प्रतियोगिता में रोवर वर्ग में प्रथम बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय तथा रेंजर वर्ग में प्रथम काशी विद्यापीठ वाराणसी रहे। द्वितीय स्थान पर रोवर वर्ग में काशी विद्यापीठ रेंजर वर्ग में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय तथा तृतीय स्थान पर रोवर व रेंजर वर्ग में डा० भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा ने स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में उपशिक्षा निदेशक श्री मंशाराम तथा सहायक प्रादेशिक आयुक्त गाइड श्रीमती अर्चना गुप्ता ने समस्त रोवर – रेंजर का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में कुलपति बुन्देलखण्ड एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय श्री अरविन्द द्वारा समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये गये।



कार्यक्रम में निर्णायक व सहयोग हेतु सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गा०) मीरजापुर मण्डल, सुश्री रविन्दर कौर सोखी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गा०) मुरादाबाद मण्डल, सुश्री सितारा त्यागी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का०) आगरा मण्डल श्री राकेश सैनी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का०) अलीगढ़ मण्डल श्री राजेश प्रजापति, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का०) मेरठ/सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का0) चित्रकूट मण्डल श्री शिव प्रताप सिंह व सुश्री ऊषा कुशवाहा लीडर ट्रेनर (रेंजर) प्रयागराज ने प्रतिभाग किया। सुश्री पूनम संधू सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गा०) झांसी मण्डल द्वारा समागम की व्यवस्था व उद्घाटन एवं समापन कार्यक्रम का संचालन किया गया। प्रादेशिक रोवर – रेंजर समागम का सम्पूर्ण संचालन प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का०/गा०) श्री राजेन्द्र सिंह हंसपाल एवं श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया।






## हिमालय वुड बैज कोर्स

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज में दिनांक 12 से 18 मार्च 2021 की अवधि में हिमालय वुड बैज कोर्स फॉर स्काउट विंग के दो शिविर का आयोजन किया गया | जिसमें कुल 63 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया | श्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) के दिशा निर्देशन में प्रथम शिविर में श्री हरीश चंद्र श्रीवास्तव लीडर ट्रेनर (स्काउट) तथा द्वितीय शिविर में श्री सोमेंद्र सिंह लीडर ट्रेनर (स्काउट) ने शिविर संचालक के कार्य दायित्व का निर्वहन किया। एवं सहायक के रूप में श्री प्रदीप गुप्ता, ए०एस०ओ० सी०, श्री नज़ीर मुकबिल, लीडर ट्रेनर (स्काउट) सीतापुर, श्री अदनान हाशमी, ए०एस०ओ० सी० / सहायक लीडर ट्रेनर(स्काउट), श्रीप्रकाश शर्मा, सहायक लीडर ट्रेनर (स्काउट), श्री के०के० गुप्ता, सहायक लीडर ट्रेनर (स्काउट) श्री श्याम बाबू, श्री विजय शर्मा, श्री राम आसरे, श्री अभय सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया |



## प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक फ्री बीइंग मी कार्यशाला

राष्ट्रीय मुख्यालय से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुक्रम में प्रदेश स्तरीय "फ्री बीइंग मी" कार्यशाला का आयोजन दिनांक 21 से 23 मार्च, 2021 की अवधि में प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ पर किया गया जिसमे जनपद से 28 स्काउटर और 12 गाइडर एवं 05 मण्डलों के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त और स्टाफ के 05 सदस्य कुल 50 सदस्यों ने प्रतिभाग किया।
कार्यक्रम का संचालन प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) के नेतृत्व में सुश्री पूनम वर्मा मास्टर ट्रेनर फ्री बीइंग मी, आगरा द्वारा किया गया।









## What is "Free Being Me" ?

"Free Being Me" is an Innovative Educational Programme for young Boys and Girls of 5 to 18 years age created by WAGGGS in partnership with Dove Self Esteem Programme Project. This programme is based on the latest research into how to increase young people's body confidence & self esteem through fun and non formal activities.

- Since 2014, the Bharat Scouts and Guides is a part of this Educational Programme




Free being me

"FREE BEING ME"

www.free-being-me.com

# जनपदीय कार्यक्रम

## जनपद जालौन

झांसी मंडल के जनपद जालौन में दिनांक 22 से 28 फरवरी 2021 की अवधि में एस.एस. इंटर कॉलेज, मडोरा, जालौन में बेसिक कब मास्टर कोर्स, बेसिक फ्लॉक लीडर कोर्स, बेसिक स्काउट मास्टर कोर्स, एवं बेसिक गाइड कैप्टन कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें बेसिक कब मास्टर लीडर ऑफ द कोर्स श्री गंगा विष्णु पाठक जी, एल० टी० (कब) एवं बेसिक फ्लॉक लीडर कोर्स में लीडर ऑफ द कोर्स श्रीमती भारती मिश्रा, एल० टी०(बुलबुल), बेसिक गाइड कैप्टन कोर्स की लीडर ऑफ द कोर्स सुश्री मोनिका सिंह ए एल टी गाइड एवं बेसिक स्काउट मास्टर कोर्स ऑफ द कोर्स श्री अशोक सोलंकी, एल० टी० (स्काउट) के कुशल नेतृत्व में उक्त कोर्स पूर्ण कराए गए। जिसमें जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री मुकेश बाबू सक्सेना, जिला संगठन कमिश्नर गाइड सुश्री व्यंजना सिंह, जिला स्काउट श्री लोकेश पाल एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती ममता स्वर्णकार ने सहयोग प्रदान किया। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर गाइड पूनम संधू , झांसी मंडल ने उक्त कोर्स में संपूर्ण योगदान दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त श्री भगवत पटेल द्वारा संबंधित संबंधित कोर्स का दौरा किया गया तथा उन्होंने सभी कोर्स के प्रशिक्षणार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए अपने-अपने विद्यालयों में यूनिट खोलने के लिए प्रोत्साहित भी किया।





## जनपद ललितपुर

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वाधान में झांसी मंडल के ललितपुर जनपद में बुंदेलखंड अंतर विश्वविद्यालय रोवर रेंजर समागम नेहरू महाविद्यालय में दिनांक 18 - 20 March 2021 की अवधि में संपन्न किया गया। जिसमें रोवर्स रेंजर्स की टीम ने प्रतिभाग किया। कुल 189 की संख्या में प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस समागम में प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में ध्वजारोहण के पश्चात राज्य मंत्री श्री हरगोविंद कुशवाहा जी और बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य एवं नेहरू महाविद्यालय प्रबंधक श्री प्रदीप चौबे जी द्वारा सरस्वती पूजन के पश्चात शिविर का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के पश्चात स्वागत गीत और आए हुए अतिथियों का स्कार्फ पहनाकर संस्था से जोड़ते हुए अभिनंदन किया गया साथ ही स्काउट गाइड के उद्देश्य उनके मूल्य एवं समाज में और हमारे जीवन में इसकी आवश्यकता और शिविर में प्रतियोगिताओं का विवरण सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त पूनम संधू द्वारा दिया गया। विश्व में स्काउट गाइड का विवरण, इसकी महत्ता और विपत्ति के समय स्काउट गाइड, रोवर रेंजर की सेवा भावना को विस्तृत रूप से सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल श्री शिव प्रताप सिंह द्वारा बताया गया। नेहरू महाविद्यालय के संस्कृत प्राध्यापक एवं जिला कमिश्नर स्काउट श्री ओम प्रकाश शास्त्री जी ने युवा वर्ग के नैतिक मूल्य, कर्तव्य और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी व भारत के भविष्य की भावी पीढ़ी को इस संस्था से जुड़ने हेतु जागृत किया। रोवर लीडर श्री राजीव निरंजन द्वारा सभी को आभार व्यक्त किया समागम के दूसरे दिन प्रातः कालीन ध्वज शिष्टाचार के पश्चात प्रतियोगिताएं संपन्न करा दी गई जो सांई कालीन तक चली। शिविर में लीडर्स और रोवर रेंजर की संख्या 225 थी। इस समागम में जिस टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही प्रदेश समागम में भी प्रतिभाग करेंगी।



## जनपद झांसी

जनपद झांसी में राष्ट्रीय मुख्यालय के प्रोजेक्ट के अनुसार "प्लास्टिक टर्नर जागरूक अभियान" कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में यूनिट लीडर एवं सीनियर रेंजर्स को सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर झांसी मंडल सुश्री पूनम संधू द्वारा निर्देश देने के पश्चात प्लास्टिक बहिष्कार करते हुए इस कोरोना काल की महामारी एवं त्रासदी के समय अपने अपने घरों में रहकर जूट, सुतली एवं कपड़ों के थैले पाउच व बैग तैयार किए जा रहे हैं। सभी रेंजर्स, गाइडर,रेंजर लीडर अखबार के बने थैले, कार्ड शीट के बने हुए बैग तथा एनवेलप बनाकर एक प्रदर्शनी लगाने की योजना बना रहे हैं। उनका कहना है कि इन कपड़े के थैले, पाउच को बेचकर जो धनराशि एकत्र होगी वह समाज में सहायता के लिए इस्तेमाल की जाए। उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक झांसी मंडल श्री मंशाराम ने इन थैले, बैग, एनवेलप, पाउच को देखकर सभी की प्रशंसा की।यह कार्य अप्रैल माह से लगातार जनपद झांसी में एक अभियान के रूप में चल रहा है।



## जनपद बदायूँ

दिनांक 29 मई 2021 को उ०प्र० भारत स्काउट और गाइड संस्था जनपद बदायूँ के जिलाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना (एड.) के निर्देशन में जनपद के जिला अस्पताल में मरीजो के साथ आये तीमारदारो के हाथ सैनेटाइज कर मास्क का वितरण किया गया एवं मास्क लगाने के प्रति भी जागरूक किया गया। रजिस्ट्री कार्यालय, कचहरी, अम्बेडकर पार्क, रोडवेज पर 2000 मास्क वितरित किय गये। साथ ही उ०प्रा०वि० बंजरिया के इ०प्र० मनोज कुमार सिंह ने अपने क्षेत्र में मास्क वितरित कर लोगो को जागरूक किय। इस सेवा एंव जागरुकता कार्य में जिला संगठन आयुक्त स्काउट, मुहम्मद असरार, स्काउट मास्टर शिवोहम, रोवर जीशान सैफी, स्काउट सुमित, रवि कुमार गाइड ललिता आदि उपस्थित रहे।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड संस्था बदायूँ के जिलाध्यक्ष एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष श्री महेश चंद्र सक्सेना जी ने संस्था के सदस्य, स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर के साथ मिलकर नगर के अम्बेडकर पार्क (हाथी पार्क) एंव स्काउट भवन में जामुन, अमरूद, आंवला, अशोक आदि का पौधारोपण कर कहा कि वर्तमान में प्रकृति ने बताया है कि बिना उसके जीवन व्यर्थ है क्योंकि हम आक्सीजन लेते हैं वह इन पेड़-पौधो से ही प्राप्त होती है हम सभी को अपने जीवन के हर खास पल में एक वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिये व दूसरो को भी इस पूण्य कार्य करने के लिय प्रेरित करना चहिये। जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहम्मद असरार ने कहा कि वृक्ष धरती का आभूषण है वृक्षों से आक्सीजन प्राप्त होती है वृक्षों द्वारा प्राप्त आक्सीजन का वर्तमान में विशेष महत्व है। स्काउट मास्टर विकास कुमार ने कहा, ''कि अगर ना होते ये सुंदर वन, ना होते सुंदर पेड, तो ना होता इस धरा पर जीवन सुख।'' हमे अन्य सम्भ्रांतो की तरह संतान होने पर कम से कम 10 पेड़ अवश्य लगाने चाहिये तथा संतान की तरह उनका लालन पालन भी करना चाहिये। इस अवसर पर इंडियन स्का0/गा0 फैलोशिप के उपाध्यक्ष सुभाष मैथिल, आई.टी. समन्वयक शमशाद हुसैन, एडवांस गाइड कैप्टन विमन यादव, गाइड ललिता, सदस्य सुषमा सिंह, सदस्य प्रेमपाल सिंह, वोधेंद्र सिंह, सीनियर रोवर मुदित शर्मा, रोवर सक्षम गुप्ता, लवलेश साहु, सुनील गोजर आदि ने पौधारोपण किया।



## जनपद अयोध्या

जनपद अयोध्या के जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) दिवंगत महेंद्र सिंह की स्मृति में स्काउट भवन परिसर में महेंद्र कुटी का निर्माण किया गया। विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर स्काउट भवन में आयोजित एक



समारोह के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार (अब मुख्यमंत्री के विशेष सचिव) ने महेंद्र कुटी का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोगों की स्मृतियों में होने वाले निर्माण ना सिर्फ दिवंगत व्यक्ति को सच्ची श्रद्धांजलि होती है, बल्कि उनके किए गए कार्यों की परिचायक होती हैं। अन्य सभी को अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित भी करती हैं। स्वर्गीय महेंद्र सिंह की मृत्यु के पश्चात स्काउट भवन में आयोजित हुए शोक सभा में प्रदेश मुख्यालय से भी प्रादेशिक सचिव श्री आनंद सिंह रावत, प्रादेशिक प्रशिक्षण कमिश्नर (स्काउट) अरविंद श्रीवास्तव, प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (स्काउट) राजेंद्र सिंह हंसपाल, प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (गाइड) कामिनी श्रीवास्तव सहित कई अफसर मौजूद रहे। प्रादेशिक सचिव श्री रावत सहित सभी ने स्वर्गीय महेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी स्मृति को हमेशा संजोए रखने पर बल दिया था। यही वजह थी कि जिला संस्था के मुख्य आयुक्त डॉ. राम सुरेश मिश्र ने कार्यकारिणी की ओर से लिए गए निर्णय के बाद महेंद्र सिंह के नाम से कुटी के निर्माण का निर्णय लिया था। फिलहाल शिलान्यास के बाद महेंद्र कुटी के निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। शिलान्यास के दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल मनोज कुमार द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक आरबी सिंह चौहान, सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर अयोध्या मंडल अवनीश कुमार शुक्ला, जिला संस्था के संरक्षक डॉ वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक विकास सिंह, जिला आयुक्त (स्काउट) देवी प्रसाद वर्मा, जिला आयुक्त (गाइड) मधुबाला कनौजिया, जिला सचिव रवि प्रकाश श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष गिरीश चंद्र वैश्य, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) विवेकानंद पाण्डेय, जिला संगठन कमिश्नर (गाइड) रश्मि श्रीवास्तव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) अनूप मल्होत्रा और जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) वंदना पांडेय सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।चिंतन दिवस समारोह में अफसरों ने नवनिर्मित दया कुटी का लोकार्पण भी किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड ने कई मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। नेहरू युवा केंद्र की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल मेधावीयों कोअतिथियों ने सम्मानित किया। मतदाता जागरूकता के लिए चलाए गए कार्यक्रम की बेहतर उपलब्धि पर प्रदेश मुख्यालय की ओर से प्राप्त राज्य निर्वाचन आयुक्त के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र को मुख्य अतिथि ने अपने कर कमलों से बाबू गया प्रसाद इंटर कॉलेज समदा की गाइड कुमारी पलक मिश्रा को प्रदान किया।



**" महेंद्र की स्मृति में साकेत महाविद्यालय प्रतिवर्ष एक बेस्ट रोवर को करेगा सम्मानित"**

साकेत महाविद्यालय में आयोजित हुए प्रवेश रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण के दौरान साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय सिंह ने जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) दिवंगत महेंद्र सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष एक बेस्ट रोवर को सम्मानित किए जाने की घोषणा की है। जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) विवेकानंद पांडेय के प्रस्ताव पर उन्होंने कई अन्य घोषणाएं भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि संस्था ने एक अच्छा प्रशिक्षक, कुशल नेतृत्वकर्ता और बेहद ऊर्जावान साथी खो दिया है। जिसकी भरपाई कभी भी नहीं की जा सकेगी। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र अधिष्ठाता बीडी द्विवेदी सहित कई प्राध्यापक प्राध्यापिकाएं मौजूद रहे।





## जनपद हरदोई

भारत स्काउट और गाइड,उ०प्र0 जिला संस्था हरदोई द्वारा दिनांक 15 फरवरी से 21 फरवरी 2021 तक पंडित श्रीराम बाजपेई स्मारक, स्काउट भवन, हरदोई में एडवांस स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला मुख्यायुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक श्री वी०के० दुबे द्वारा किया गया। शिविर में 20 स्काउट मास्टर और 23 गाइड कैप्टन ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस शिविर में शिविर संचालक सत्यनारायण कनौजिया और संचालिका नीता त्रिपाठी ने प्रशिक्षुओं को समसामयिक परिस्थितियों को देखते हुए प्रशिक्षुओं को समाज और प्रकृति से जोड़ने पर जोर दिया। इस अवधि में जिला अध्यक्ष श्री अभय शंकर गौड़ के सहयोग से 2000 पौधरोपण भी कराया गया। हरदोई जनपद में ही अत्यंत रमणीय और प्राकृतिक सुषमा से आच्छादित धोबिया आश्रम नामक स्थान पर एक दिवसीय हाइक आयोजित की गई। जहां पर सभी प्रशिक्षुओं ने प्रकृति अध्ययन के साथ-साथ आश्रम में स्वच्छता अभियान चलाया। वहीं पर बिना बर्तन के भोजन बनाया और शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ लिया। जिससे हाईक और ज्यादा रोचक और मजेदार हो गई। जिला सचिव डॉ राजेश तिवारी, डी०ओ०सी० श्री रमेश वर्मा, सहायक सचिव श्री विवेक श्रीवास्तव ने शिविर में समस्त व्यवस्थाएं प्रदान करने में असीम सहयोग प्रदान किया। सहायक प्रशिक्षक के रूप में श्री वासुदेव यादव ,श्रीमती कल्पना भदौरिया और काउंसलर्स में श्री शैलेश प्रकाश , श्री आकाश कश्यप, श्री प्रेम श्रीवास्तव, श्रीमती सांत्वना सिंह , सारिका दीक्षित ने सहयोग प्रदान किया।



## जनपद अमरोहा

जनपद संस्था द्वारा फरवरी एवं मार्च माह 2021 में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन तहसील स्तर पर किया गया जनपद के विभिन्न दल एवं कंपनियों के कुल 395 स्काउट्स और गाइड्स ने प्रतिभाग किया।जनपद संस्था को प्रादेशिक कार्यालय द्वारा फरवरी माह में दिनांक 8 फरवरी 2021 से 14 फरवरी 2021 तक बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन करने का दायित्व सौंपा गया था उक्त प्रशिक्षण शिविर जनपद के प्रसिद्ध विद्यालय जे0एस0 हिंदू इंटर कॉलेज अमरोहा में संयुक्त रूप से आरंभ हुआ जिसमें स्काउट वर्ग से 23 प्रतिभागी तथा गाइड वर्ग से 12 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। स्काउट वर्ग के लीडर ऑफ़ दी कोर्स श्री अनिल कुमार जी और गाइड वर्ग की लीडर ऑफ़ दी कोर्स श्रीमती नरवंत कौर तथा प्रशिक्षक मण्डल में श्री ज़ैद बिन अली श्री अतुल कुमार कौशिक श्रीमती उषा चौहान श्रीमती मंजू चौधरी ने अपना योगदान दिया।



## जनपद मुजफ्फरनगर

जिला संस्था उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर के संरक्षक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक माननीय गजेंद्र कुमार, डॉक्टर कंचन प्रभा शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला स्काउट गाइड कमिश्नर डॉ विनोद कुमार एवं रजनी गोयल के निर्देशन में जनपद के रोवर /रेंजर,स्काउट/ गाइड, स्काउट मास्टर /गाइड कैप्टन एवं रोवर/ रेंजर लीडर द्वारा कोरोना वेरियर्स बनकर शासन एवं जिला प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार सेवा कार्य किए गए | कोविड-काल में रोवर/रेंजर, स्काउट /गाइड द्वारा समाजसेवियों एवं शासन प्रशासन का सहयोग लेते हुए भोजन, कच्चा राशन जरूरतमंद को वितरित किया गया महा अप्रैल-मई ,जून व जुलाई में जिला प्रशासन एवं नगरपालिका प्रशासन के साथ मिलकर रोवर्स /रेंजर्स ,स्काउट/ गाइड द्वारा स्वास्तिक पेस्टिसाइड के एमडी एवं फार्मर स्काउट रविंद्र कुमार सिंगल का सहयोग लेते हुए नई मंडी ,गांधी कॉलोनी ,द्वारकापुरी, गांधी नगर आदि क्षेत्रों में निशुल्क सेनीटाइजर ,मशीन द्वारा सैनिटाइज किया गया |

माह अप्रैल में फोन द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर पीएम केयर्स फंड में फोन पे ,गूगल पे, पेटीएम एवं चेक के माध्यम से रुपए 2,26,074 की धनराशि जमा कराई गई I स्काउट /गाइड एवं रोवर /रेंजर्स द्वारा अपने-अपने घरों में मास्क तैयार कर कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने अपने क्षेत्रों में वितरित किए गए |गाइड्स द्वारा महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए |प्रवासी मजदूरों एवं झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले मजदूरों एवं बावरियों को भोजन के पैकेट, पानी, फल एवं छोटे बच्चों हेतु दूध, सेनीटाइजर, मास्क ,साबुन आदि का वितरण किया गया | पर्यावरण को शुद्ध करने हेतु स्थापना दिवस पर सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया| नारी शक्ति मिशन के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक ,पोस्टर एवं स्लोगन के साथ जन जागरूकता रैली निकाली गई| इसी कड़ी में प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं मतदाता दिवस के अवसर पर 24 जनवरी 2021 से 26 जनवरी 2021तक स्वयं सहायता समूह की बहनों द्वारा सरस मेले के आयोजन में रोवर/ रेंजर एवं स्काउट /गाइड द्वारा व्यवस्था बनाने में विशेष सहयोग किया गया | मेले के समापन अवसर पर जिला अधिकारी महोदय द्वारा स्काउट /गाइड ,रोवर/ रेंजर्स एवं जिला संस्था के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया| 22 फरवरी 2021 को डी ए वी महा महाविद्यालय में चिंतन दिवस मनाया गया इस अवसर पर कोविड काल में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्काउट/गाइड रोवर/रेंजर स्काउट मास्टर /गाइड कैप्टन को सम्मानित किया गया |



## जनपद चित्रकूट

उ0प्र0 भारत स्काउट गाइड जिला संस्था चित्रकूट द्वारा कोरोना के समय विभिन्न प्रकार के बैंक बनाकर स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स व ग्रुप लीडर्स तथा संस्था पदाधिकारियों द्वारा सोप व सेनेटाइजर बैंक में 300 साबुन व 100 सेनेटाइजर, ग्रेन बैंक में 1000 किलोग्राम आटा , 500 किलोग्राम चावल, 100 किग्रा0



दाल, 50 लीटर सरसो तेल, 200 पैकेट मसाला, हल्दी व सोयाबीन आदि खाद्य सामाग्री एकत्र की गयी तथा सेनेट्री पैड बैंक में 25 पैकेट सेनेट्री पैड जमा हुए साथ ही स्काउट गाइड व रोवर रेंजर्स द्वारा स्वयं निर्मित 2000 मास्क बैंक में जमा किये गये। मास्क का वितरण जिला मुख्यालय के चैराहो पर आने जाने वाले ऐसे लोगो को वितरण किया गया जिनके पास मास्क उपलब्ध नही थे साथ ही उन सभी को साबुन व सेनेटाइजर भी वितरित किया गया । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित कर 100 परिवारो को राषन किट वितरित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे राज्य मंत्री उ०प्र० सरकार मा० चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्री शेषमणि पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित मित्तल सहित मुख्यायुक्त श्री बलिराज राम व अनेको जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही सामाग्री वितरण के अतिरिक्त समय समय पर अनेको जगह घूम-घूम कर स्काउट गाइड व रोवर रेंजर्स ने कोरोना से बचाव के प्रति जागरूक किया।

